दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




पेज-04


RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 330 | देहरादून, शुक्रवार 30 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### पुलिस महानिरीक्षक ने किया एसआईटी का गठन

**देहरादून।** पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरुप द्वारा पुष्पांजलि इन्फ्राटेक के बिल्डर दीपक मित्तल जो वर्तमान में वांछित एवं ईनामी है और उसके सहयोगियों के विरुद्ध थाना डालनवाला पर पंजीकृत गैंगस्टर के अभियोग और पूर्व पंजीकृत अभियोग की गहनता से जांच एवं दीपक मित्तल व उसके सहयोगियों के द्वारा अर्जित सम्पत्ति/विक्रित सम्पत्ति के क्रय–विक्रय से प्राप्त होने वाली धनराशि के लाभार्थियों के सम्बन्ध में जानकारी हेतु जितेन्द्र मेहरा, पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जनपद हरिद्वार के पर्यवेक्षण में 02 निरीक्षक 02 उप–निरीक्षक व अन्य कर्मचारी नियुक्त कर एसआईटी का गठन किया गया।

### मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं ने समाज में जन जागरूकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में भी हिन्दी पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास रहा है। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम की चेतना जगाई, बल्कि आज भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभा रही है।

# मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के विकासकर्ताओं के साथ मुख्य सेवक संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और स्वरोजगार से जुड़ी अन्य योजनाओं को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने विकासखण्डों में विशेष शिविरों के आयोजन किये जायेंगे। सौर प्लांटों के रख–रखाव के लिए प्रत्येक जनपद में लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में 250 मेगावाट का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। इस योजना को और विस्तार की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। सौर ऊर्जा का स्त्रोत असीमित होने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर




कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### सौर प्लांटों के रखरखाव के लिए प्रत्येक जनपद में लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा

योजना, पीएम कुसुम जैसी योजनाओं के साथ ही भारत के नेतृत्व में इंटरनेशनल सोलर अलाइंस का गठन सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा के माध्यम से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई सौर ऊर्जा नीति भी लागू की है। वर्ष 2027 तक 2500 मेगावाट सोलर क्षमता का लक्ष्य रखा है। राज्य में रूफटॉप सोलर प्लांट्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से भी सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना के लिए लाभार्थियों को सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 20 से 200 किलोवाट तक की परियोजनाएं स्थापित करने पर 20 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। महिलाओं, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के साथ –साथ दिव्यांगजनों को 5 प्रतिशत का अतिरिक्त अनुदान भी दिया जा रहा है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## हेमकुंड साहिब यात्रा व्यवस्थाओं का पुलिस उपाधीक्षक चमोली ने लिया जायजा

**चमोली।** प्रचलित श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के सुचारू संचालन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट ने आज यात्रा के प्रारंभिक महत्वपूर्ण पड़ावों गोविंदघाट और पुलना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सबसे पहले गोविंदघाट पहुँचे। गोविंदघाट हेमकुंड साहिब यात्रा का बेस कैंप है जहाँ से अधिकांश श्रद्धालु अपनी यात्रा शुरू करते हैं। उन्होंने यहां स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे का दौरा किया और गुरुद्वारे प्रबंधक श्री सेवा सिंह से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा से संबंधित वर्तमान स्थिति, श्रद्धालुओं की आमद, पंजीकरण प्रक्रिया और यात्रियों के लिए उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। गोविंदघाट के बाद, सीओ चमोली यात्रा के अगले मुख्य पड़ाव, पुलना पहुँचे। पुलना में उन्होंने यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं से सीधा संवाद किया।



# हरिद्वार में नकली आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में नकली दवाइयां बरामद

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ज्वालापुर क्षेत्र के अहबाब नगर मोहल्ले में पुलिस ने नकली आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने के अवैध कारोबार भंडाफोड़ किया है।

कोतवाली ज्वालापुर पुलिस और आयुष विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक मकान से भारी मात्रा में नकली दवाइयां, रैपर, लेबल, कच्चा माल और दवा बनाने की मशीनें बरामद की हैं। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि बढ़ेड़ी राजपूतान, रुड़की की शरीफी हर्बल के नाम से नकली आयुर्वेदिक दवाइयां तैयार कर बाजार में बेचने की शिकायत मिली थी। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। औषधि निरीक्षक व जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश की टीम को साथ लेकर पुलिस ने अहबाब नगर स्थित एक मकान में छापेमारी की गई।



पकड़ा गया आरोपी।

मकान की तलाशी के दौरान पुलिस को अंदर से भारी मात्रा में यौन वर्धक नकली दवाइयां और एक पिसाई मशीन बरामद हुई। पुलिस ने नकदी दवाई के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फिरोज अंसारी पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी मोहल्ला घोसियान, ज्वालापुर के रूप में हुई। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि आरोपी बिना लाइसेंस के दवाइयां तैयार कर रहा था। जो सामग्री बरामद हुई है, उससे प्रतीत होता है कि लंबे समय से यह अवैध कार्य चल रहा था। इन नकली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता था। आरोपी के खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

30 May 2025_Copy of Layout 1 5/30/2025 10:16 PM Page 2



# संपादकीय

## दोनों देशों के धीरे-धीरे रिश्ते ठीक होंगे

आनंद ने इस बात पर जोर दिया कि कानून के शासन से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। भारतीय अधिकारियों और निज्जर की हत्या के बीच कथित संबंधों के कारण कूटनीतिक दरार पैदा हो गई। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार वैश्विक स्तर पर संबंधों को विविधतापूर्ण बनाने के लिए भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने की इच्छुक है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से द्विपक्षीय संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओटावा एक–एक कदम करके इस रिश्ते को आगे बढ़ा रहा है। आनंद एक भारतीय–कनाडाई हैं। उन्होंने कनाडाई अखबार ग्लोब एंड मेल से कहा कि हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, और हम एक सरकार के रूप में भी इसके लिए तत्पर हैं। यह सिर्फ मैं ही नहीं हूँ। भारतीय अधिकारियों और निज्जर की हत्या के बीच कथित संबंधों के कारण कूटनीतिक दरार पैदा हो गई। तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में निज्जर की हत्या के तीन महीने बाद भारतीय एजेंटों और हत्या के बीच संभावित संबंध के आरोप थे। भारत ने इस आरोप को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज कर दिया। पिछले साल हत्या के सिलसिले में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। आनंद ने कहा कि निज्जर की हत्या से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ रहा है। हम निश्चित रूप से एक–एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। आनंद ने भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से शुरू करने के बारे में कार्नी की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या की जांच एक स्वतंत्र एजेंसी के तत्वावधान में जारी रहेगी। 25 मई को आनंद ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से बात की। उन्होंने कनाडा–भारत संबंधों को मजबूत करने, आर्थिक सहयोग को गहरा करने और साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर हुई सार्थक चर्चा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। आनंद ने कहा कि वह साथ मिलकर काम जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने भारत–कनाडा संबंधों की संभावनाओं पर चर्चा की।

# टैक्स चोरी रोकथाम के लिए उठाए जाए प्रभावी कदमः जिलाधिकारी सिवन बंसल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक हुई। जिसमें रेखीय विभागों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं कर अपवर्चन व राजस्व हानि की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।


बैठक लेते जिलाधिकारी सविन बंसल।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य के लिए गवर्नेस (सुशासन) तभी महत्वपूर्ण होता है जब राजस्व उपलब्ध हो, क्योंकि राजस्व ही राज्य के विकास, सेवाओं और बुनियादी ढांचे को चलाने के लिए आवश्यक धन प्रदान करता है। जिलाधिकारी ने कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व हेतु शासन द्वारा विभागों के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल करने और राजस्व स्रोतों को बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर की चोरी करने वालों पर नजर रखी जाए। कर की चोरी रोकने के लिए रेखीय विभाग समय–समय पर अपने क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में राजस्व की हानि न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने बाट माप, खनन एवं परिवहन विभाग को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने, विद्युत एवं पेयजल विभाग को उपभोक्ताओं के कनेक्शनों का मिलान करते हुए बिजली व पानी की चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व संवर्धन हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आबकारी, वन विभाग, सिंचाई विभाग को राजस्व संवर्धन को लेकर निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर प्राप्त करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2024–25 निर्धारित लक्ष्य एवं विभागीय आय का तुलनात्मक विवरण और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए विभागीय आय हेतु निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी दी। बैठक में अधीक्षण अभियंता सिंचाई संजय राज, एसडीएफओ उदय गौर, एसडीएफओ अभिषेक मैठाणी, एडीसीओ रश्मि भट्ट, खनन अधिकारी नवीन सिंह, श्रम अधिकारी दीपक कुमार सहित पेयजल, विद्युत, परिवहन, स्टाम्प एवं निबंधन, नगर निगम एवं अन्य रेखीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# देश को जल्द ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के सेमीकंडक्टर संयंत्र में निर्मित पहली 'मेड इन इंडिया' चिप मिलेगी



### पूर्वोत्तर भारत 7 बहने एक भाई=अष्टलक्ष्मी - भारत का बेहतर भविष्य बनाने में अहम सहयोगी जो भारत के विज़न 2047 को गति देगा

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ को मालूम है कि भारत में प्राकृतिक संपदा, संस्कृति, संस्कारों, मानवीय बौद्धिक कौशलता,धार्मिक धर्मनिरपेक्षता, हर जाति धर्म, सहित राज्य स्तरपर हर त्योहार व सांस्कृतिक समारोह विशालता से मिलजुल कर मनाए जाते हैं।

आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं कि नई दिल्ली में पूर्वोत्तर भारत के सात बहनों व एक भाई यांने असम अरुणाचल प्रदेश मणिपुर मेघालय मिजोरम नागालैंड त्रिपुरा और एक भाई सिक्किम मिलकर राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स सम्मिट मनाए हैं, जिसका उद्घाटन 23 मई 2025 को देरशाम माननीय पीएम ने किया था।राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 एक दो दिवसीय कार्यक्रम है,जो 23 और 24 मई को आयोजित किया है। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के एजेंडेमें मंत्रिस्तरीय सत्र, बिजनेस –टू–गवर्नमेंट(बी2जी) और बिजनेस –टू–बिजनेस (बी2बी) बैठकें और एक समर्पित प्रदर्शनी क्षेत्र शामिल हैं। निवेश संवर्धन के लिए पहचाने गए प्रमुख क्षेत्रों में पर्यटन और आतिथ्य, कृषि– खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध उद्योग, वस्त्र, हथकरघा और हस्तशिल्प, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कौशल विकास आईटी और आईटी–सक्षम सेवाएं, बुनियादी ढांचा और रसद, ऊर्जा,साथ ही मनोरंजन और खेल शामिल हैं।चूँकिदेश को जल्द ही पूर्वोत्तर क्षेत्र के सेमी कंडक्टर संयंत्र में निर्मित पहली श्मेड इन इंडियाश चिप मिलेगी। राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स सम्मिट 23–24 मई 2025 का आगाज– एक्ट ईस्ट,एक्ट फास्ट,एक्ट फर्स्ट इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूर्वोत्तर भारत 7 बहने एक भाई=अष्टलक्ष्मी–भारत का बेहतर भविष्य बनाने में अहम सहयोगी जो भारत के विजन 2047 को गति देगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा उद्घाटन समारोह में संबोधन की करें तो, पूर्वोत्तर क्षेत्र को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करने, वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करने तथा प्रमुख हितधारकों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से पीएम ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। दुनियाँ के सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र के रूप में भारत की स्थिति को रेखांकित करते हुए,उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर हमारे विविध राष्ट्र का सबसे विविध क्षेत्र है।उन्होंने व्यापार, परंपरा, वस्त्र और पर्यटन में फैली विशाल संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि इस क्षेत्र की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर एक संपन्न जैव– अर्थव्यवस्था और बांस उद्योग,चाय उत्पादन और पेट्रोलियम, खेल और कौशल के साथ–साथ इको–टूरिज्म के लिए एक उभरते हुए केंद्र का पर्याय है। उन्होंने आगे कहा कि यह क्षेत्र जैविक उत्पादों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है और ऊर्जा के एक पावरहाउस के रूप में खड़ा है। उन्होंने पुष्टि की कि पूर्वोत्तर अष्टलक्ष्मी का सार है, जो समृद्धि और अवसर लाता है। उन्होंने कहा कि इस ताकत के साथ, हर पूर्वोत्तर राज्य निवेश और नेतृत्व के लिए अपनी तत्परता की घोषणा कर रहा है।विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्वी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने पूर्वोत्तर को इसका सबसे महत्वपूर्ण घटक बताया। उन्होंने कहा, हमारे लिए, पूर्वी क्षेत्र सिर्फ एक दिशा नहीं है, बल्कि एक दृष्टि है–सशक्त बनाना, कार्य करना, मजबूत बनाना और बदलाव लाना – जो इस क्षेत्र के लिए नीतिगत रूपरेखा को परिभाषित करता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस दृष्टिकोण ने पूर्वी भारत, विशेष रूप से पूर्वोत्तर को भारत के विकास पथ के महत्वपूर्ण केंद्र में रखा है।

साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा कही गई सबसे बड़ी पांच बातों की करें तो (1) विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत का विकसित होना बहुत जरुरी है। नॉर्थईस्ट पूर्वी भारत का सबसे अहम अंग है। हमारे लिए प ईएएसटी का मतलब है – इमपावर, एक्ट, स्ट्रेंथन एंड ट्रांसफॉर्म,पूर्वी भारत के लिए यही हमारी सरकार की नीति है। (2) आप लोगों को जानकर हैरानी होगी कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे केंद्रीय मंत्रियों ने 700 से ज्यादा बार नॉर्थईस्ट गए हैं और रात भर वहां रुके हैं। उन्होंने उस मिट्टी को महसूस किया, लोगों की आंखों में उम्मीद देखी और उस भरोसे को विकास की नीति में बदला। (3) हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को सिर्फ ईंट और सीमेंट से नहीं देखा, हमने उसे इमोशनल कनेक्ट का माध्यम बनाया है। हम लुक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट के मंत्र पर चले। एक समय था जब पूर्वोत्तर को सीमांत क्षेत्र माना जाता था। आज, यह भारत की विकास गाथा में अग्रणी के रूप में गर्व से खड़ा है। (4) एक तरह से नॉर्थईस्ट टूरिज्म के लिए एक कम्पलीट पैकेज है। अब नॉर्थईस्ट में विकास का लाभ कोने–कोने तक पहुंच रहा है, तो इसका भी पॉजिटिव असर टूरिज्म पर पड़ रहा है। वहां पर्यटकों की संख्या दोगुनी हुई है। (5) हमारा फोकस नॉर्थईस्ट के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शांति समझौते किए। युवाओं को विकास की मुख्यधारा में आने का अवसर दिया। पिछले 10–11 साल में 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुना है। बता दें यह कार्यक्रम उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है,आठ पूर्वोत्तर राज्य– असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम, ऐसे राज्य हैं जिन्हें अष्टलक्ष्मी या समृद्धि के आठ रूप कहा जाता है।यानि इसका कनेक्शन सेवन सिस्टर (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा) से भी है, ये भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक ताने– बाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।अष्टलक्ष्मी महोत्सव क्षेत्र की प्रगति को प्रदर्शित करने,इसकी सांस्कृतिक संपदा का जश्न मनाने और भविष्य के विकास के लिए नए निवेश को आमंत्रित करने के लिए आयोजित होने वाला एक अहम कार्यक्रम है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

30 May 2025_Copy of Layout 1 5/30/2025 10:16 PM Page 3



# 20 साल बाद जिले में रायफल फंड का उपयोग निर्धन, निर्बल, असहाय के लिए गतिमान : डीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में 10 वर्ष बाद रायफल क्लब समिति की बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। यह बैठक लम्बे समय बाद वर्ष 2015 के बाद आज आयोजित की गई। बैठक समिति द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु रायफल क्लब अनुदान राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।



डीएम बैठक लेते हुए।

जिलाधिकारी ने रायफल क्लब में लिए जाने वाले अनुदान में वृद्धि हेतु प्रस्ताव समिति द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर सहमति देते हुए समिति सोसायटी एक्ट में रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रायफल फंड और अधिक सशक्त बनाने तथा इसमें प्राप्त धनराशि से असहाय, निर्बल के जनसामानय के सहायतार्थ कार्य किए जाएंगे। मूलभूत आवश्यकताओं से परे शस्त्र लाईसेंस एक लग्जरी ट्राजेंक्शन है रायफल क्लब में अनिवार्य योगदान जनहित के दृष्टिगत नया लाईसेंस, शस्त्र बदलाव, समय विस्तार, सीमा विस्तार, क्रय–विक्रय, सब ट्रांजेक्शन उच्च निवल मूल्य तय कर दिए गए हैं, जिससे रायफल क्लब वित्तीय रूप से सशक्त बनेगा। वहीं 20 साल बाद डीएम की पहल से जिले में रायफल फंड का उपयोग निर्धन, निर्बल, असहाय के लिए किया गया है। जिलाधिकारी सविन बसंल ने प्रथम बार जिले में रायफल फंड का उपयोग किया जिससे निर्बल असहाय को धनराशि रू0 8,01,950 वितरित की गई है। जिनमें झुग्गी बस्ती प्रेमनगर में बालवाडी मरम्मत हेतु दिव्यांग महिला को धनराशि रू0 1,30000, ग्राम फनार तहसील त्यूनी निवासी गरीब बिधवा महिला नीतू दुर्गादेवी के विद्युत बिल की धनराशि रू0 18000, अनाथ अदिति के पिता द्वारा लिए गए बैंक ऋण रू0 50000, भगत सिंह कालोनी निवासी शमीमा को स्वरोजगार हेतु धनराशि रू0 30,000, सरस्वती शिशु मंदिर प्रबन्धक समिति भोगपुर जहां दूर–दूर से बच्चें पढने आते हैं, को बच्चों के परिवहन हेतु वाहन के लिए धनराशि रू0 5,73950 की सहायता प्रदान की गई।

ज्ञातव्य है कि रायफल क्लब वर्ष 1959 से संचालित है जिसमें नये शस्त्र लाईसेंस, लाईसेंस पंजीकरण, नवीनीकरण, शस्त्र लाईसेंस सीमा विस्तार, गनलाईसेंस की टीएल/एनओसी, शस्त्र विक्रय अनुमति, शस्त्रलाईसेंस श्रेणी परिवर्तन, शस्त्र कय करने की समयावधि बढाने आदि के लिए रायफल फंड में अनुदान लिया जाता है। समिति से उक्त धनराशि बढाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। उक्त विभिन्न कार्यों हेतु 2500 से लेकर 25000 तक करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के. के मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, मुख्य कोषाधिकारी नीतू भण्डारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारी गोली

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के भिक्कमपुर गांव में खूनी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। बाइक पर सवार होकर आए हमलावरों ने घर के बाहर फायरिंग की। इस दौरान एक युवक को गोली लग गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। फायरिंग करने के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुरानी रंजिश के चलते मंगलवार रात भिक्कमपुर गांव में उस समय अफरातफरी मच गई, जब दो बाइक पर सवार 6 हमलावरों ने एक घर के बाहर पहुंचकर गाली–गलौज और हंगामा किया। विरोध करने पर हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान वहां खड़े एक युवक को गोली लग गई। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर हालत में हरिद्वार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

## मलाबार समूह ने अपनी सीएसआर पहलों के लिए आवंटित किए 150 करोड़ रुपये

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025–26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं। मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने इस पहल के बारे में कहा, ''मलाबार समूह में सीएसआर हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम समाज को वापस देने में विश्वास करते हैं. हम 28 मई को अपने वार्षिक सीएसआर दिवस के रूप में समर्पित करते हैं. हम निरंतर और प्रभावशाली कदमों के माध्यम से वंचितों के साथ खड़े होने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते हैं. हमारी सीएसआर पहल उस स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं. हम अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं. अगर अन्य संगठन इस मिशन में शामिल हों तो इसका प्रभाव बढ़ सकता है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 29.5 करोड़ लोग 'अक्यूट हंगर' से जूझ रहे हैं। समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है. इस तरह 2025–26 में में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे. यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है।

## देहरादून की मातृशक्ति ने दिखाई देशभक्ति की अद्भुत शक्ति

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अपने देश के वीर सैनिकों के सम्मान में देहरादून की नारी शक्ति द्वारा गांधी पार्क से घंटाघर तक ''सिंदूर शौर्य शक्ति तिरंगा यात्रा ''का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में अर्ष कन्या गुरुकुल से दीपशिखा जी ने अपने औजस्वी विचारों से उपस्थितजनों को प्रेरित किया।



सिंदूर शौर्य शक्ति तिरंगा यात्रा में शामिल महिलाएं।

इस शौर्य यात्रा के आरंभ में बलिदानी सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया। 'सम्मानित किए गए सैनिक परिवारों में 'शहीद कीर्ति चक्र से सम्मानित अजय वर्धन की पत्नी लक्ष्मी तोमर, शहीद गोवर्धन अधिकारी व उनकी पुत्रवधु मंजू अधिकारी, 'लेफ्टिनेंट कर्नल चौधरी के पिताजी नरेंद्र चौधरी, 'लेफ्टिनेंट कर्नल वर्मा के माता पिता विजय वर्मा व सविता वर्मा उपस्थिति रहे। इस सिंदूर शौर्य शक्ति यात्रा में मुख्य रूप से – डॉ अंजली वर्मा, एकता त्रिपाठी सुनीता भट्ट डॉ भावना डोभाल,रीता गोयल, संगीता चढ़ा, जस्मीत सेठी, मधु मरवाह, ईशा, किरण काठयत, सुशीला खत्री,, साक्षी शंकर,यामा शर्मा,शैल बिष्ट, सपना नंदा,सीमा जौहर, शिवानी कक्कड़, शिवरानी जी, साक्षी, मधु ..डॉ रश्मि त्यागी, विनोद उनियाल, कमली भट्ट, नन्दिनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में शुरू होगा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल ओडिशा के पुरी से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ करेंगे।



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा शुरू की गई यह ऐतिहासिक पहल, वैज्ञानिक नवाचार और जमीनी स्तर पर भागीदारी के माध्यम से भारतीय कृषि को बदलने तथा देश के खाद्य भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। 15 दिवसीय अभियान के दौरान श्री चौहान लगभग 20 राज्यों की यात्रा करेंगे। इस मिशन को साकार करने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी और सभी राज्यों से सामूहिक स्वामित्व और समर्पण के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा जताई गई है। इस अभियान में दो–तरफा संचार दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, एक तरफ वैज्ञानिक किसानों के साथ अनुसंधान और तकनीकी जानकारी साझा करेंगे, वहीं दूसरी तरफ वे किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी जुटाएंगे। ये निष्कर्ष भविष्य के अनुसंधान प्रयासों को दिशा देने तथा व्यावहारिक, स्थान–विशिष्ट समाधान प्रदान करने में मदद करेंगे। आज मीडिया से एक बार फिर बातचीत के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि कल से एक व्यापक अभियान शुरू हो रहा है। 'लैब टू लैंड' को जोड़ने के लिए कल से हमारे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक अभियान पर निकलेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि 16 हजार वैज्ञानिकों की 4–4 टीमें बनी हैं, जो गांव–गांव जाकर किसानों से संवाद करेंगी। 2170 टीमें बनी हैं जो संपर्क करेंगी।। एक दिन में एक टीम 2 गांवों में जाएंगी। यह अभियान 15 दिन तक चलेगा और किसानों के बीच बैठकर सीधा संवाद होगा। क्षेत्र की जलवायु, पानी, मिट्टी के पोषक तत्व व अन्य बातों का ध्यान रखते हुए उसके आधार पर कौन सी फसल बोनी चाहिए, कौन सी वैराइटी होनी चाहिए, खाद का कितना संतुलित उपयोग करना चाहिए,उसके साथ–साथ प्राकृतिक खेती और दलहन और तिलहन की खेती के संबंध में किसानों से चर्चा की जाएगी। वैज्ञानिक,किसानों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान सीधे संवाद के जरिए सुलझाएंगे। खेत की आवश्यकता के अनुसार आगे शोध की दिशा भी तय होगी। श्री चौहान ने एक बार फिर से सभी लोगों से इस अभियान से जुड़ने और देशव्यापी स्तर पर इसे कारगर व सफल बनाने का आह्वान किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगा।

30 May 2025_Copy of Layout 1 5/30/2025 10:16 PM Page 4



# नैनीताल में 30 मई से शुरू होगा गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट, राज्यपाल ने कर्टेन रेजर में दी जानकारी

**नैनीताल/देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन नैनीताल में आयोजित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट 30 मई से 1 जून, 2025 तक आयोजित किया जाएगा।



गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के संबंध में जानकारी देते राज्यपाल।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फर द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस वर्ष टूर्नामेंट में एशियाई खेलों के (गोल्फ) स्वर्ण पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री अमित लूथरा, तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफर इकबाल भी भाग ले रहे हैं, जिससे टूर्नामेंट के उत्साह में और अधिक वृद्धि हुई है। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट में इस वर्ष 06 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के 06, वेटरन (65 से 75) आयु वर्ग के 32, सामान्य वर्ग के 95, महिला वर्ग के 11 खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 33, जिसमें 19 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो इस गोल्फ के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं, युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य देशभर के गोल्फ खिलाड़ियों को आकर्षित करता है। टूर्नामेंट में भाग लेने के साथ ही खिलाड़ी उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थलों का भी प्रचार–प्रसार करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अनूठी पहल के तहत गोल्फ कोर्स के 18 होल्स के नाम प्रसिद्ध हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं एवं नदियों के नामों पर रखे गए हैं, जो न केवल खिलाड़ियों को एक सांस्कृतिक अनुभव देगा, बल्कि उत्तराखण्ड की विरासत को भी उजागर करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि "उत्तराखण्ड की पुण्य भूमि, जो देवभूमि के रूप में जानी जाती है, अब 'खेलभूमि' बनने की दिशा में भी अग्रसर है।" राज्य सरकार द्वारा खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास, खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक महत्त्वपूर्ण पहलें की गई हैं। राज्यपाल ने गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में सहयोग प्रदान करने वाले प्रायोजकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस वर्ष इंडियन ऑयल, पर्यटन विकास परिषद, खेल विभाग उत्तराखण्ड, ओएनजीसी, हीरो ग्रुप, एसबीआई, टीएचडीसी, ट्राइडेंट, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, यूपीईएस यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने सहयोग किया है।


## सचिवालय परिसर में संस्कृत संभाषण शिविर का सीएम ने किया उद्घाटन

**देहरादून।** राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के संरक्षण–संवर्धन एवं संस्कृत को जनभाषा बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड सचिवालय परिसर में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ बुधवार को कैबिनेट के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा सभी कैबिनेट मंत्रियों एवं मुख्य सचिव की उपस्थिति में किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपनी संस्कृति व संस्कृत भाषा के संरक्षण व प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य को लेकर 13 जनपदों में 13 संस्कृत ग्राम विकसित किये जा रहे हैं। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के माध्यम से वेद, दर्शन, उपनिषद् आदि प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा से जनसामान्य को जोड़ने के लिए अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। संस्कृत भाषा का संरक्षण व संवर्धन करना सरकार की प्राथमिकता है। सचिव संस्कृत शिक्षा ने बताया कि सचिवालय परिसर में 29 मई से 12 जून तक संस्कृत संभाषण कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

## हल्द्वानी की नव्या पांडे ने जु-जित्सू में रचा इतिहास, एशियन चैंपियनशिप में भारत को दिलाया स्वर्ण पदक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जु–जित्सू में भारत का नाम रोशन करते हुए हल्द्वानी की नव्या पांडे ने इतिहास रच दिया है। जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आयोजित नौवीं एशियन जु–जित्सू चैंपियनशिप में नव्या ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत से न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश में गर्व की लहर दौड़ गई है। नव्या पांडे जु–जित्सू खिलाड़ी के रूप में एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी बनी हैं।
नव्या की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं उन्हें फोन कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मुख्यमंत्री ने नव्या से शीघ्र ही मुलाकात करने की भी बात कही। नव्या ने इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार द्वारा दी गई नौकरी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। बता दें कि पिछले वर्ष नव्या पांडे को खेल कोटे के तहत उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग में नौकरी दी थी। नव्या का प्रदर्शन राज्य के अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेगा। वहीं सरकार द्वारा उठाया गया कदम अब अच्छे नतीजे भी देने लगा है जो युवाओं में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगा।

## पति के साथ मंदिर जा रही महिला से लूट, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

**रूडकी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सुबह अपने पति के साथ स्कूटी से मंदिर जा रही रही एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने के आभूषण लूट लिए। जिसके बाद महिला और उसके पति ने शोर भी मचाया। साथ ही मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। चेन लूट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है।



सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रुड़की में मेन बाजार के पंचायती धर्मशाला के पास रहने वाली एक महिला पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर सुबह करीब सात बजे के आसपास मंदिर जा रही थी। इस बीच महिला पति की स्कूटी से उतरकर मंदिर की ओर बढ़ी तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाश वहां रुके। एक बदमाश बाइक पर ही बैठा रहा, जबकि दूसरा महिला के पीछे–पीछे चल दिया और मौका मिलने पर महिला के गले से चेन झपट ली।वारदात को अंजाम देकर बदमाश भाग खड़े हुए। महिला ने शोर मचाया तो मंदिर से निकलकर एक युवक मौके पर पहुंचा और अपनी बाइक स्टार्ट कर बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रुड़की कोतवाली इंस्पेक्टर मणि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि चेन स्नेचिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। बाइक सवार बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

# मसूरी में सुविधाओं के विकास के लिए शहरी विकास विभाग होगा नोडल विभागः बर्द्धन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि मसूरी में आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं के विकास के लिए शहरी विकास विभाग नोडल विभाग होगा।



मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय में मसूरी में आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं में सुधार के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने रोड कनेक्टिविटी, यातायात संकुलन और नागरिक सुविधाओं के विकास जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि मसूरी में आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं के विकास के लिए शहरी विकास विभाग नोडल विभाग होगा। उन्होंने कहा कि मसूरी के लिए यातायात संकुलन एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मसूरी में यातायात संकुलन की समस्या को कम करने के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गो को दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आरटीओ एवं पुलिस के द्वारा मसूरी के लिए ट्रेफिक प्लान को सख्ती से प्रवर्तन कराए जाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने झड़ीपानी रोड, कैमल्स बैक रोड, लंढौर एवं खट्टापानी रोड के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण कार्य किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि नगर पालिका को इन सड़कों के सुधारीकरण कार्यों के लिए सरकार द्वारा फंडिंग उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने मसूरी के लिए इंटरनल कनेक्टिविटी प्लान तैयार किए जाने की भी बात कही। कहा कि इंटरनल कनेक्टिविटी के लिए रोपवे विकास पर सर्वेक्षण करा लिया जाए। उन्होंने मसूरी के मॉल रोड पर यातायात का दबाव कम करने तथा स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को आंतरिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में संचालित गोल्फ कार्ट को पुनः सुचारू किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने मसूरी में नए गन्तव्यों को चिन्हित कर विकसित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झड़ीपानी फॉल, शिखर फॉल, मॉसी फॉल आदि क्षेत्रों के विकास के लिए योजना तैयार की जाए। उन्होंने मसूरी क्षेत्र के आसपास ट्रेक रूट्स विकसित किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि मसूरी क्षेत्र में अन्य टूरिस्ट डेस्टिनेशन तैयार किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। इसके लिए लगातार नए गंतव्यों की तलाश की जानी चाहिए। उन्होंने ऐसे गंतव्यों की सूची तैयार किए जाने के निर्देश दिए जिन्हें पर्यटन गंतव्यों के रूप में विकसित किया जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि मसूरी में यातायात के बढते दबाव को देखते हुए क्षेत्र में नए पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग स्थलों के निर्माण से न तो क्षेत्र की सुन्दरता प्रभावित होए न ही दृश्यावलोकन बाधित हो।

# डीएम दूल्हा और डॉक्टर दुल्हन ! बिना फिजूलखर्ची के रचाया ब्याह, चर्चाओं में उत्तराखण्ड की ये शादी



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आमतौर पर जहां लोग शादी विवाह में फिजूलखर्ची और शान–ओ–शौकत की नुमाइश करते हैं। वहीं उत्तराखंड में एक आईएएस की शादी चर्चाओं में है। क्योंकि जब बात किसी बड़े अधिकारी की शादी की होती है तब वीवीआईपी शादी ही होती है। लेकिन उत्तराखंड के इस जिलाधिकारी ने भगवान को साक्षी मानकर बेहद सादगी से शादी कर एक मिसाल पेश की है। जी हां ये हैं चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी, जिन्होंने हाल ही में डॉक्टर पूजा से सादगी के साथ विवाह किया। उन्होंने न तो कोई भव्य आयोजन किया और न ही किसी विशेष तामझाम की व्यवस्था की। बल्कि अपने व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के बीच समय निकालते हुए सामान्य रीति–रिवाजों के साथ विवाह की रस्में निभाईं और भगवान गोपीनाथ के आशीर्वाद के साथ वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। उनकी पत्नी डॉक्टर पूजा डालाकोटी हल्द्वानी के तीनपानी क्षेत्र की निवासी हैं और वर्तमान में सुशीला तिवारी अस्पताल में ईएनटी विभाग में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

डॉक्टर संदीप तिवारी की यह सादगी और संवेदनशीलता लोगों को खूब पसंद आ रही है। संदीप तिवारी ने बताया कि उन्होंने धार्मिक मान्यताओं के साथ शादी करने का फैसला लिया, जिसपर उनकी धर्मपत्नी पूजा डालाकोटी की भी सहमति थी। उन्होंने कहा कि हमारे शिमला हिमाचल प्रदेश में शादी की रीति–रिवाज अन्य जगहों की तरह कुछ अलग हटकर होता है इसलिए उन्होंने मंदिर में शादी करने का फैसला लिया। बता दें कि हिमाचल के रहने वाले संदीप तिवारी चमोली के जिलाधिकारी हैं। उत्तराखंड में सरकारी सेवा में उनको 6 साल हो चुके हैं। पहले एसडीएम और उसके बाद नैनीताल में सीडीओ और एमडी कुमाऊं मंडल रह चुके हैं। वर्तमान समय में चमोली के जिला अधिकारी हैं। प्रदेश के सबसे मेहनती और ईमानदार आईएएस अधिकारियों में गिने जाने वाले डॉक्टर संदीप तिवारी अक्सर अपने प्रशासनिक कार्यों में नवाचार, तत्परता और जनसेवा की भावना के लिए चर्चा में रहते हैं।



# अन्तर रेलवे संरक्षा ऑडिट मेट्रो रेलवे, कोलकाता की संरक्षा ऑडिट टीम ने लाल कुआं स्टेशन एवं रेल पटरियों का किया निरीक्षण

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लालकुआं–हल्दी रोड रेल खंड का अन्तर रेलवे संरक्षा ऑडिट मेट्रो रेलवे, कोलकाता की संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

दो दिवसीय संरक्षा ऑडिट के प्रथम दिवस मेट्रो रेलवे की संरक्षा ऑडिट टीम ने लालकुआं रेलवे स्टेशन, स्टेशन यार्ड, रिले रुम, कोचिंग डिपो, क्रू लॉबी, रनिंग रूम, कर्व, समपारों एवं स्वचालित दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन का गहन संरक्षा निरीक्षण किया।

मेट्रो रेलवे की संरक्षा ऑडिट टीम में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष जैन, मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर एस. पोले, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (सामान्य) वीजी शामकुले, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर विल्सन, डीके बागे, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर एके हीरा, एएक्सईएन डी घोष शामिल रहे। इज्जतनगर मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डा. हरीश रेड़तोलिया, स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह और शाखा अधिकारियों सहित रेल संरक्षा से सम्बद्ध पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पशुपालन विभाग ने 117 लाभार्थियों को आवंटित की बैकयार्ड कुक्कुट योजना

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों की आय को बढाने के लिए मजबूती से कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य में बैकयार्ड कुक्कुट योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत विभाग की ओर से 117 लाभार्थियों को इकाई आवंटित की गई है। जिससे ग्रामीण कुक्कुट पालन कर अपनी आर्थिकी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी अशीम देव ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से संचालित बैक्यार्ड कुक्कुट योजना के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति के ग्रामीणों को कुक्कुट फार्म स्थापना के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। जिसके तहत लाभार्थी को 50 कुक्कुट के चूजों के साथ ही 6 किलोग्राम दाना, जाली और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान तक विभाग की ओर जनपद में संचालित बैक्याड़ कुक्कूट योजना से 18 सौ से अधिक लाभार्थियों को लाभांवित किया जा चुका है। विभाग की ओर से योजना का लाभ लेने वाली पठियालधार निवासी दर्शन और दोगड़ी–कांडई गांव निवासी भगत कनियाल का कहना है कि योजना के माध्यम से घर पर ही अन्य कार्यों के साथ कुक्कूट पालन कार्य किया जा सकता है। साथ ही विभागीय योजना होने के चलते कुक्कूट पालन की तकनीक और उपचार जैसी सुविधा भी विभाग की ओर से समय–समय पर प्रदान की जाती है।

# बद्रीनाथ धाम में तीर्थयात्री का खोया मोबाइल पुलिस की मदद से मिला

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरियाणा के अंबाला से बद्रीनाथ धाम दर्शन हेतु आईं श्रद्धालु रंजना मेहता का मंदिर परिसर में परिक्रमा या दर्शन के दौरान कहीं मोबाइल फोन गिर गया। फोन खो जाने से वह काफी परेशान हो गईं, क्योंकि फोन में उनके महत्वपूर्ण संपर्क और यात्रा से जुड़ी तस्वीरें व जानकारी थी।

रंजना मेहता ने तत्काल मंदिर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों से संपर्क कर अपने फोन खोने की सूचना दी और मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही, ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल मनोज यादव और हेड कांस्टेबल दीप प्रकाश ने गंभीरता से मामले को लिया। उन्होंने बिना समय गंवाए रंजना मेहता द्वारा बताए गए संभावित क्षेत्र और मंदिर परिसर के अन्य हिस्सों में सघनता से खोजबीन शुरू की। काफी देर तक चली तलाश



और मशक्कत के बाद, आखिरकार पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर से ही रंजना मेहता का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद हो गया। फोन मिलने पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल रंजना मेहता को इसकी सूचना दी। नियमानुसार आवश्यक पहचान प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत, बरामद मोबाइल फोन सकुशल रंजना मेहता को सौंप दिया गया। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर रंजना मेहता बेहद खुश हुईं और उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने हेड कांस्टेबल मनोज यादव और हेड कांस्टेबल दीप प्रकाश सहित बद्रीनाथ धाम में तैनात समस्त पुलिसकर्मियों का उनके सहयोग, तत्परता और ईमानदारी के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# चमोली जनपद के 592 मतदान बूथों पर आयोजित होगा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला निवार्चन कार्यालय की ओर से जनपद में आगामी 5 जून (पर्यावरण दिवस) से 25 जुलाई (हरेला पर्व) तक वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरु कर दी गई है। जिसे लेकर गुरुवार को अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम का रोस्टर तैयार करने और कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वन विभाग और उद्यान विभाग के अधिकारियों को जनपद में की जलवायु के अनुरूप पौधों की उपलब्धता को देखते हुए पौध वितरण की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गीताराम उनियाल ने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में 5 जून से 25 जुलाई तक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, तहसील परिसर, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और 592 मतदान बूथों पर 10–10 पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को वृहद स्तर पर आयोजित करने के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है। बताया कि कार्यक्रम को रोस्टर के आधार पर आयोजित किया जाएगा।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे, डीएफओ प्रियंका, स्वीप समन्वयक दर्शन नेगी, मोहन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# रामनगर पुलिस ने किया 08 अभियोगों का सफल अनावरण, चोरी की 18 बाइक सहित आरोपी दबोचा

**रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोतवाली रामनगर में पूर्व में हुए वाहन चोरियों के सम्बन्ध में वादीगण 1– नईम पुत्र अब्दुल रहीम पता ग्राम तेलीपुरा पो0 रामगनर, 2–हरी सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी काशीपुर रोड रामनगर , 3– मोहन कुमार पत्र सतीश कुमार निवासी बाल्मिकी बस्ती बम्बाघेर, 4– सईद पुत्र हसन मौहम्मदी निवासी ग्राम शिवलालपुरपाण्डे शिव कालोनी तेलीपुरा रोड रामनगर, 5– जितेन्द्र मोहन नेगी पुत्र स्व0 थान सिंह नेगी नि0 मेन रानीखेत रोड दुर्गापुरी लखनपुर रामनगर, 6– सद्दाम पुत्र निसार अहमद पता निकट छप्पर वाली मस्जिद खताड़ी कोतवालीध्तहसील रामनगर की लिखित तहरीर पर कोतवाली रामनगर मुकदमा एफ आई आर नं0 130ध्25 , एफ आई आर नं0 175ध्25 , एफ आई आर नं0 176ध्25, एफ आई आर नं0 177ध्25, एफ आई आर नं0 178ध्25 तथा एफ आई आर नं0 184ध्25 धारा 303(2) बी एन एस पंजीकृत किये गये। इसके अतिरिक्त थाना मुखानी में एफ आई आर नं0 34ध्25 धारा 303(2)बी एन एस तथा थाना कालाढुंगी में भी एफ आई आर नं0 65ध्25 धारा 303(2) बी एन एस पंजीकृत किये गये।



उपरोक्त पंजीकृत मामलों के सफल अनावरण हेतु प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा प्रकाश चन्द्र पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी को विशेष टीम गठित कर अभियोग से सम्बन्धित वाहनों की बरामदगी एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में एसपी सिटी द्वारा सुमित पाण्डे सीओ रामनगर एवं अरुण कुमार सैनी, प्रभारी निरीक्षक रामनगर के पर्यवेक्षण में 'वरिष्ठ उ0नि0 मनोज नयाल' के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा रामनगर क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया जिसमें कुछ संदिग्धों को चोरी के वाहनों को ले जाते हुए देखा गया । जिसके पश्चात संदिग्धों की शिनाख्त व माल मुकदमाती की बरामदगी हेतु गठित टीम द्वारा क्षेत्र में मुखबिर मामूर कर पतारसी सुरागरसी कर दिनांक 28. 05.25 को ज्वाला वन क्षेत्र छोई के पास से माह मई मे चोरी हुई बुलट मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपने साथियों आकाश,दीपक, राजवीर सिंह उर्फ राजू व विजय के मिलकर मोटर साइकिल चोरीयां करने तथा उन्होंने रामनगर, काशीपुर,मुरादाबाद , ठाकुरद्वारा आदि क्षेत्रों से उक्त मोटर साइकिलें चोरी करने की बात स्वीकारी तथा उन मोटर साइकिलों को ज्वालावन छोई क्षेत्र में जंगल में झाडियों में 17 मोटर साइकिलों को छिपाने की बात कहते हुए बरामद कराने की बात कही । जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अभियुक्त की निशानदेही पर ज्वालावन क्षेत्र में झाडियों से करीब 17 अन्य मोटर साइकिलें भी बरामद करायी गयीं।

## रजनी भंडारी ने गंगा घाटी के गांवों में बांटी महिला मंगल दलों को जरूरी सामाग्री

**गौचर /चमोली।** जिला पंचायत की प्रशासक एवं निवर्तमान अध्यक्ष रजनी भंडारी ने पोखरी विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र गंगा घाटी के करछुना, सूगी, बमोथ , रानों, नाग कांडा, तोली गेलुंग, क्वींठी आदि गांवों में महिला मंगल दलों को सामियाना, ग्राउंड कारपेट, टेन्ट, साउण्ड सिस्टम आदि जरुरी सामाग्रियों का वितरण किया गया। रानों ग्राम पंचायत के प्रशासक चन्द्र सिंह भंडारी, बमोथ की निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय लक्ष्मी चौधरी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप लखेड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता धीरेन्द्र सिंह चौधरी आदि ने कहा कि अब गांव में होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शादी विवाह, मुंडन संस्कार जैसे कार्यक्रमों के लिये महिलाओं को इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

जिला पंचायत की प्रशासक एवं निवर्तमान अध्यक्ष रजनी भंडारी के अनुसार महिला सशक्तिकरण की दिशा में किया गया यह कार्य महिलाओं को सशक्त बना कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना है।

## अज्ञात चोरों ने बिंदुखत्ता में घर मे सेंध लगाकर लाखों के जेवरात व नगदी की चोरी

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** निकटवर्ती क्षेत्र बिंदुखत्ता के संजय नगर द्वितीय में घर से कुछ दूरी पर नामकरण में अपने जेठ के यहां गई महिला की गैर मौजूदगी में अज्ञात चोरों ने घर में लगे लगभग आधा दर्जन ताले तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली, पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता के संजयनगर द्वितीय गांव में निवास करने वाली पार्वती कोरंगा के पति प्रताप सिंह कोरंगा दिल्ली में कार्यरत हैं, जबकि उनके दो बेटे जिसमें एक बेटा विदेश बहरीन में है, जबकि दूसरा बेटा जयपुर में कार्यरत है, महिला बिंदुखत्ता में अकेले ही रहती है, आज प्रातः 11 बजे वह गांव में ही रहने वाले अपने जेठ के यहां नामकरण संस्कार में शामिल होने घर में ताला लगा कर गई थी, दोपहर को 2रू30 बजे जैसे ही वह वापस लौटी तो मुख्य द्वार समेत घर में लगे तमाम ताले तोड़कर अज्ञात चोर तब तक लॉकर के अंदर से लगभग साढे 13 तोला सोने के जेवरात एवं 45000 नगदी तथा अन्य कई एफडीआर निकाल कर ले गए थे, घर के भीतर चोरों द्वारा सामान को इधर–उधर फेंकने एवं जेवराज चोरी हो जाने से महिला संन्न रह गई, उसने तत्काल ही 112 में कॉल करके घटना की जानकारी दी, इसके बाद मौके पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल एवं बिंदुखत्ता चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह पहुंचे।

## ठेकेदार सहित सिंचाई विभाग के तीन अभियंताओं पर खनन चोरी का मामला दर्ज

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल के हल्द्वानी गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की सुरक्षा दीवार के निर्माण में गौला नदी से अवैध तरीके से रेता–बजरी के उपयोग करने का आरोप है। इस आरोप में ठेकेदार समेत सिंचाई विभाग के तीन अपर सहायक अभियंताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



ये मुकदमा तराई पूर्वी वन प्रभाग के गौला रेंज में वन अधिनियम की धारा 26 के तहत दर्ज किया गया है। इतना ही नहीं, मामला गंभीर होने के कारण जिला प्रशासन ने थर्ड पार्टी से जांच कराने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, पिछले साल बरसात में गौला नदी के उफान पर आने से स्टेडियम की सुरक्षा दीवार को नुकसान पहुंचा था। इसके बचाव के लिए सिंचाई विभाग 36 करोड़ की लागत से दीवार बना रहा है। फरवरी 2025 में इसका काम शुरू किया गया था। आरोप है कि यहां निर्माण के दौरान नदी से ही ठेकेदार अपने वाहनों से माल उठा रहा था। स्टेडियम की सुरक्षा के लिए 460 मीटर लंबी और 9 मीटर ऊंची सुरक्षा दीवार बनाई जानी है।

टेंडर के बाद ठेकेदार को निर्माण सामग्री (रेता, बजरी, पत्थर) वन निगम या स्टोन क्रशर से खरीदकर खनन गेट के माध्यम से लाने का निर्देश दिए थे। आरोप है कि ठेकेदार ने नियमों का उल्लंघन करते हुए गौला नदी से अवैध रूप से सामग्री निकालकर दीवार का निर्माण किया। तराई पूर्वी वन प्रभाग ने छापेमारी के दौरान अवैध रेता–बजरी के ढेर पाए। विभाग ने जब खनन सामग्री के कागजात मांगें तो मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था और ठेकेदार के कर्मचारी कागज नहीं दिखा पाए।

# रानीगढ़ पट्टी के देवल गांव में देवराड़ी देवी की बन्यथा धार्मिक महोत्सव के तहत नौ दिवसीय हवन यज्ञ शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पिछले छह माह से चली आ रही रानीगढ़ पट्टी की आराध्य देवराड़ी देवी की देवरा यात्रा सैकड़ों गांवों का भ्रमण करने के बाद देवल गांव स्थित बनातोली मंड़प में पहुंच गई। बनातोली मंण्डप में पहुंचने पर देवी मां सहित साथ में शामिल सभी देवताओं का भारी संख्या में मौजूद लोगों ने भव्य स्वागत करते हुऐ दर्शन पूजन किया।



पांच जून को देवराड़ी देवी देवल गांव स्थित देवी मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगी। इससे पूर्व देवी के मंडप बनातोली में देवी, भाई लाटू व सिंगलास आदि देवताओं की पूजा अर्चना और धार्मिक क्रियाकलाप के तहत देव नृत्य का कार्यक्रम चलता रहेगा। छह वर्षों बाद हो रहे देवराड़ी देवी की इस धार्मिक महोत्सव में देवी मां के दर्शन करने व आशीर्वाद लेने के लिऐ दूर दराज के गांवों से आये देवी के भक्तों व श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है।

देवल गांव निवासी जगदीश प्रसाद देवली, प्रकाश देवली आदि ने बताया कि महोत्सव के प्रति अगाध श्रद्धा लिऐ स्थानीय प्रवासी बन्धुओं का देवल गांव में आने का सिलसिला जारी है। देवरा यात्रा समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह चौधरी ने बताया कि बनातोली में हो रहे देवी महोत्सव के साथ ही देवी के मंदिर में पांच जून तक हवन यज्ञ हो रहा है। जो पांच जून को यज्ञ पुर्णाहुति और देवी मां के गर्भगृह में विराजमान होने के साथ पिछले छह माह से चली आ रही देवरा यात्रा संपन्न हो जायेगी ।पंडित शक्ति प्रसाद देवली , प्रकाश देवली , ओमप्रकाश देवली, भवानी प्रसाद देवली, केशवानंद केडियाल, टीका प्रसाद नौटियाल देवी मंदिर में पांच जून तक होने वाले हवन यज्ञ व पूजा पाठ में जमे हुऐ हैं। वहीं बन्यथा कार्यक्रम को सफल बनाने में देवी भक्त व श्रद्धालुजन भी अपनी सेवाएं देने में जुटे हुऐ हैं।

30 May 2025_Copy of Layout 1 5/30/2025 10:16 PM Page 7



# मुख्यमंत्री ने शुरु किया 'विकसित कृषि संकल्प अभियान'
## 12 जून तक गांव गांव जाएंगे कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान' को शुरू करते हुए कहा कि गुरुवार से 12 जून तक गांव–गांव कृषि वैज्ञानिक व अधिकारी जायेंगे।

गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में "विकसित कृषि संकल्प अभियान'' की शुरुआत करते हुए कहा कि, अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिक और अधिकारी राज्य के 95 विकासखंडों, 670 न्याय पंचायतों और 11440 गाँवों में किसानों से संवाद करेंगे। गुनियाल गांव से इस अभियान की शुरुआत करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अभियान के अंतर्गत 29 मई से 12 जून तक देशभर के 700 से अधिक जिलों में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों द्वारा डेढ़ करोड़ किसानों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। इस अभियान के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन टीमें गठित की गई हैं, जो प्रतिदिन तीन स्थानों पर


प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री।

कार्यक्रम आयोजित करेंगी, ऐसे प्रत्येक कार्यक्रम में 600 से अधिक किसानों के साथ संवाद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के माध्यम से किसानों को उनकी भूमि, जलवायु और जरूरत के अनुसार उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने के साथ साथ मृदा परीक्षण के आधार पर लाभकारी फसलों के चयन के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही कृषि, पशुपालन, बागवानी जैसी योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के माध्यम से किसानों के अनुभव, पारंपरिक ज्ञान, नवाचार और सुझावों को भी संकलित किया जाएगा, जिससे भविष्य में वैज्ञानिक शोधों को और अधिक व्यावहारिक बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अभियान हमारे राज्य के कृषि क्षेत्र को आधुनिकता और नवाचार के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के साथसाथ हमारे अन्नदाताओं को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को तीन लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "फार्म मशीनरी बैंक" योजना के जरिए कृषि उपकरण खरीदेने हेतु 80 फीसदी तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाय बागान धौलादेवी, मुन्स्यारी और बेतालघाट को जैविक चाय बागान के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। इसी तरह राज्य में 6 एरोमा वैली विकसित की जा रही हैं। इस बार के बजट में 200 करोड़ रूपए का प्रावधान विशेष रूप से पॉलीहाउस निर्माण के लिए किया है। पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा आधारित खेती को बढ़ाने के लिए करीब 1,000 करोड़ रुपये की लागत से "उत्तराखंड क्लाइमेट रिस्पॉन्सिव रेनफ्रेड फार्मिंग प्रोजेक्ट" भी स्वीकृत किया गया है।

### ललित चंद्र जोशी तीसरी बार बने सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के अध्यक्ष

**देहरादून।** सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के संपन्न हुए चुनाव में ललित चन्द्र जोशी अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद जोशी महासचिव एवं दिनेश घींगा को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। सचिवालय एसथेटिक्स एंड फिटनेस क्लब के इस द्विवार्षिक चुनाव के लिए 26 मई को नामांकन 27 मई को नाम वापसी और 28 मई को चुनाव संपन्न कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में राकेश जोशी, महासचिव सचिवालय संघ के द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई और निर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीवन सिंह बिष्ट, से0 नि0 अपर सचिव सुनील कुमार पांथरी, रीता कौल, रीना शाही, प्रमिला टम्टा, गोदावरी रावत, निधि, तेज सिंह, रणजीत सिंह रावत, माधव नौटियाल, जगत डसीला, प्रवीण चंद्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## एक जून को डीआईटी यूनिवर्सिटी में प्रवेश काउंसलिंग, पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी डीआईटी यूनिवर्सिटी 1 जून को अपने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परामर्श (एडमिशन काउंसलिंग) सत्र आयोजित करने जा रही है। इस सत्र के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

जानकारी देते हुए डीआईटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ जी रघुरामा ने बताया कि डीआईटी यूनिवर्सिटी नैक द्वारा श्एश ग्रेड से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में उल्लेखनीय पहचान हासिल की है। एनआईआरएफ 2024 रैंकिंग में, इसने 467 प्रतिभागी संस्थानों में से फ़ार्मेसी श्रेणी में 81वां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, टाइम्स हायर एजुकेशन यूनिवर्सिटी इम्पैक्ट रैंकिंग 2024 मे यूनिवर्सिटी को 96 भारतीय संस्थानों में से 17वां स्थान मिला। वहीं 70 से अधिक विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों की पेशकश करती है, जिनमें इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर एंड प्लैनिंग, डिजाइन, लिबरल आर्ट्स एंड मैनेजमेंट , फिजिकल साइंसेज, फार्मास्यूटिकल साइंसेज, कंप्यूटिंग, नर्सिंग, हेल्थ केयर प्रोफेशन पाठ्यक्रम शामिल हैं। यूनिवर्सिटी ने हाल ही में चिप डिजाइन, इलेक्ट्रिक वाहन, सस्टेनेबल सिटी प्लानिंग, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए जमाने के पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है, जो छात्रों को भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

## मैक्स फैशन इन गर्मियों में लेकर आए डिजनी के 'लिलो एण्ड स्टिच' से प्रेरित ट्रॉपिकल कलेक्शन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** डिजनी के लिलो एण्ड स्टिच की थिएटर में रिलीज से पहले– मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन का अनावरण किया है।

यह शानदार कलेक्शन आईलैण्ड भावना एवं ट्रॉपिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। 'हमने तकरीबन एक दशक पहले डिजनी थीम पर आधारित अपना पहला कलेक्शन लॉन्च किया था, हम हमेशा से डिजनी की सदाबहार कहानियों से प्रेरित रहे हैं।' मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना ने कहा। ''क्लासिक कलानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे




कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है।

'लिलो एण्ड स्टिच' थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिजनी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है। मैक्स फैशन, जिसे अपने ट्रेंडी एवं सुलभ परिधानों के लिए जाना जाता है, ने 24 मई को मुंबई के मेगुमी में एक लाईव शो के दौरान इस वाइब्रेन्ट कलेक्शन का लॉन्च किया। इस अवसर पर जाने–माने इन्फ्लुएंसर्स अपने बच्चों के साथ रोमांचक फैशन वॉक करते नजर आए, जिन्होंने कहानी की आईलैण्ड भावना को जीवन में उतारा।

## प्रदेश में अगले दो हफ्तों में मानसून देगा दस्तक, उत्तराखण्ड में इस वर्ष जमकर बरसेंगे बादल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में अगले दो हफ्तों के भीतर मानसून दस्तक दे देगा। हालांकि, सामान्य तौर पर करीब 20 जून तक मानसून उत्तराखंड पहुंचता है, लेकिन इस बार देश में 8 दिन पहले दाखिल होने वाले मानसून का उत्तराखंड में भी पहले ही स्वागत किया जा सकेगा।

खास बात यह है कि इस बार मानसून के ज्यादा समय तक रहने की संभावनाओं के बीच पिछले सालों के मुकाबले अधिक बारिश होने की उम्मीद लगाई गई है। ऐसे में खासतौर पर पर्वतीय जिलों के लिए मौसम विभाग कुछ सुझाव भी दे रहा है।



उत्तराखंड के लिए मानसून सीजन बेहद चुनौती पूर्ण रहता है। इस दौरान न केवल पर्वतीय क्षेत्रों में लैंडस्लाइड की घटनाएं कई दुखदाई सूचनाएं लाती हैं बल्कि चारधाम यात्रा और पर्यटकों के लिहाज से भी यह समय काफी सचेत रहने वाला होता है। इस बार मानसून तय समय से पहले आ रहा है इसलिए जिला प्रशासन से लेकर सरकार के स्तर पर तैयारी को पहले ही पूरा करने की चुनौती है। खासतौर पर इसलिए भी क्योंकि इस बार ज्यादा बारिश होने की उम्मीद लगाई गई है।

मानसून ने केरल में 24 मई को दस्तक दी थी। सामान्य तौर पर देखें तो करीब 8 दिन पहले ही मानसून केरल पहुंच गया। उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार अब मानसून दक्षिण भारत के अलावा मध्य भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों तक भी पहुंच चुका है। उनका कहना है कि यदि इसी रफ्तार से मानसून आगे बढ़ा तो करीब 10 दिन में उत्तराखंड तक भी मानसून पहुंच जाएगा, जबकि इसमें कुछ धीमापन आया तो भी 15 दिनों के भीतर मानसून उत्तराखंड में दस्तक दे देगा। मौसम विभाग की माने तो इस बाद जल्दी दस्तक देने की वजह से मानसून ज्यादा समय रहने वाला है। जाहिर है कि मानसून की समय अवधि ज्यादा रहेगी तो बारिश भी इस बार देश भर में ज्यादा देखने को मिल सकती है। उत्तराखंड में भी बारिश के अधिक रहने की उम्मीद है। मानसून सीजन के दौरान राज्य में पहले ही बारिश काफी ज्यादा होती है। मौजूदा मई महीने में ही मानसून ने एक चिंता पैदा कर दी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार मई महीने में बारिश सामान्य से कहीं ज्यादा हुई है। इस सीजन में हुई बारिश के रिकॉर्ड को देखें तो भी सामान्य से करीब 36 प्रतिशत तक बारिश ज्यादा हो चुकी है।

इस बार रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश के कारण न केवल लोगों को गर्मी से राहत मिली है बल्कि गर्मियों के दौरान उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से भी कुछ राहत मिलती दिखाई दे रही है। तमाम जल स्रोत भी रिचार्ज हो रहे हैं।

# आरटीई के उल्लंघन पर होगी कार्रवाईः मंत्री डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सूबे में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का पालन न करने वाले शिक्षण संस्थानों पर ठोस कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने–अपने जनपदों में सभी निजी विद्यालयों से आरटीई के तहत होने वाले प्रवेश विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर महानिदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।



मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी अपने–अपने जनपदों में सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों का निरीक्षण कर जरूरी मानकों पर खरा न उतरने वाले शिक्षण संस्थानों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुपालन को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निजी शिक्षण संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप अनिवार्य रूप से छात्र–छात्राओं को आरटीई के तहत प्रवेश देने होंगे। जिसकी जिम्मेदारी जनपद स्तर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों की होगी। डॉ. रावत ने कहा कि जिन शिक्षण संस्थानों में आरटीई के तहत छात्र–छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है ऐसे विद्यालयों को नोटिस जारी कर एनओसी निरस्त करने की कार्रवाही की जायेगी। इसके लिये जनपद स्तर पर विभागीय अधिकारियों को सभी निजी शिक्षण संस्थानों की समीक्षा के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिये मुख्य शिक्षा अधिकारी को सरकारी एवं निजी सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध संसाधनों, मूलभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक स्टॉफ की स्थिति आदि की रिपोर्ट तैयार कर मानकों पर खरे न उतरने वाले विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दे दिये गये हैं। विभागीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से भी समय–समय पर निजी स्कूलों द्वारा आरटीई का पालन न करने की शिकायतें भी प्राप्त होती रहती हैं, साथ ही आयोग की तरफ से कई सुझाव भी प्राप्त हुये हैं। जिनको लागू करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। आयोग ने आरटीई का अनुपालन न करने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की भी सिफारिश की है। जिस तहत विभागीय अधिकारियों को प्रदेशभर में आरटीई के अनुपालन की समीक्षा के निर्देश दे दिये गये हैं तथा अनुपालन न करने वाले निजी संस्थानों के विरूद्ध कार्रवाई को भी कहा गया है।

इसके अतिरिक्त सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में शिकायत एवं सुझाव पेटिका लगाने का भी सुझाव विभागीय अधिकारियों को दिया गया। बैठक में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा अभिषेक रोहिला, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव डॉ. एस.के. बर्णवाल, अनु सचिव डा. एस.के. सिंह, निदेशक बेसिक शिक्षा अजय कुमार नोडियाल, निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल सती, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरौला, देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## धामी सरकार में गुनाहगारों को सरंक्षण नहीं कड़ी कार्रवाई होती हैः मनवीर चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि यह निर्विवाद सच है कि धामी सरकार मे किसी भी दोषी को संरक्षण नहीं मिला है, जबकि कांग्रेस ने घोटालेबाजों को हर तरह से पोषित किया है। हरिद्वार नगर निगम मे भूमि घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल मे राज्य के उद्यान सरकारी संरक्षण मे बिक गए और आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सेफ स्पेस दिया गया।



चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने एनएच 74 मे हुई गड़बड़ियों पर न केवल लीपापोथी की, बल्कि उन्हे बचाने के लिए पूरी कोशिश की। वहीं टीएचडीसी आमबाग तथा टिहरी बांध विस्थापित जमीन घोटाले के अफसरों को बचाया। जबकि भाजपा ने मामला संज्ञान में आते ही तत्काल जांच बैठाई और जांच रिपोर्ट आते ही दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। चौहान ने कहा कि कांग्रेस को अपने दामन मे लगे दाग देखने की जरूरत है। क्योंकि जो भी मामले सामने आ रहे हैं सरकार उसे दबा नही रही, बल्कि जाँच करा रही है और कार्यवाही भी होगी। हरिद्वार प्रकरण भी उसमे है और सरकार कड़ी कार्यवाही करेगी।

## घंटाघर के समीप व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**देहरादून।** दून में घंटाघर के समीप एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। आसपास के लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि देहरादून में घंटाघर के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस को मौके पर भेजा गया. पुलिस ने सबसे पहले मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया। नगर कोतवाली प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त 42 साल के मनोज निवासी गैरसैंण चमोली के रूप में हुई है। मनोज देहरादून के माजरा में अपने भाई के साथ रहता था और यहां रहकर मजदूरी का काम करता था।

## न्यूज डायरी

### ऑपरेशन सिंदूर और सेना के सम्मान के लिए खैरना में निकली तिरंगा यात्रा




**गरमपानी(नैनीताल)।** ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान के लिए भाजपाइयों और स्कूली बच्चों ने बृहस्पतिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट और मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य के नेतृत्व में गरमपानी राम मंदिर से खैरना टीआरसी तक तिरंगा यात्रा बड़े जोश और उल्लास के साथ निकाली गई। इस यात्रा में क्षेत्र के अनेक विद्यालय के हात्र छाताओं ने बढचढ कर भाग लिया जिन मे सरस्वती शिशु मन्दिर, स्कॉलर्स होम तथा अन्य विद्यालयो के बच्चो ने प्रतिभाग किया ।भारतीय सेना के निर्णायक और साहसी कार्रवाई को नमन करते हुए तिरंगा शौर्य सम्मान संदेश यात्रा में भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद, वन्देमातरम् नारों सें माँ भारती की जमीन गूंज उठी । तिरंगा यात्रा में को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष रमेश सुयाल सांसद प्रतिनिधि, मदन मोहन कैड़ा मंडल अध्यक्ष भवाली हिमांशु बिष्ट पूर्व मंडल अध्यक्ष शोबन सिंह बिष्ट मंडल, कृपाल बिष्ट, कुबेर अमेर, आनन्द सिंह, उपाध्यक्ष भुवन चंद्र, महामंत्री नरेंद्र बिष्ट राज्य मंत्री शांति मेहरा, निर्मला जीना ,भावना शाह, भगवत सिंह बिष्ट,दीवान जलाल, हेम आर्या ,अनिल बुधलाकोटी, अनिल त्रिपाठी , गोधन बर्गली,उमेश बर्गली ने प्रतिभाग किया।

## नि:शुल्क हैल्थ चैकअप कैम्प का 80 जरूरतमंदों ने उठाया लाभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार देहरादून व मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के द्वारा निःशुल्क हैल्थ चौकअप कैम्प का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में किया गया जिसमें 80 मरीजों का परीक्षण कर डॉक्टरों ने उचित सलाह दी।



स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए।

प्रातः गुरु महाराज को मत्था टेक कैम्प का उद्घाटन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान स. गुरबक्श सिंह राजन व श्याम अग्रवाल राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें 80 मरीजों ने हैल्थ चौकअप करवा कर उचित परामर्श प्राप्त किया। स. गुलजार सिंह महासचिव ने आये हुए सभी डाक्टरो व सहयोगी स्टाफ़ का आभार प्रकट करते हुए अपने पुर्ण सहयोग का आश्वासन दिया व बताया की हमें पुर्व के अनुभव से सीख लेते हुए कोविड–19 के प्रति सजग रहते हुए सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना चाहिए। हैल्थ का चौक अप डॉक्टर विजय कुमार शर्मा व डॉक्टर शाहिद (सामान्य चिकित्सक) व सहायक स्टाफ़ जगत भास्कर त्रिपाठी मार्किटिंग ,श्री.आर.पी चमोली,श्री. उपेंद्र कुमार,कु.रजत (नर्स), कु.दीक्षा (नर्स), श्री सुनील, श्री अभिषेक, श्री रमन जी के द्वारा किया गया।

## पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा

योजना के अंतर्गत संयंत्र स्थापित करने के लिए ऋण पर 4 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। यूपीसीएल द्वारा पावर परचेज एग्रीमेंट के माध्यम से 25 वर्षों का अनुबंध कर बिजली खरीद की गारंटी भी सुनिश्चित की गई है। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए आवेदन से लेकर आवंटन तक की व्यवस्थाओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सरल, सुलभ और दक्ष बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।आज भारत 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बनकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किये जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन: UA/DO/DDN/402/2017-19